कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, राष्ट्रीय मार्ग खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रानीखेत।
Office of The Executive Engineer, N.H. Division, PWD Ranikhet.
(Phone/Fax) : 05966-220078 E-mail- eenhranikhet@gmail.com

पत्रांक :– / निविदा दिनांक / /2026

## शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के पत्रांक 834/ निविदा, दिनांक 08.05.2026 द्वारा आमंत्रित सिंगल बिड ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित निविदायें जो दिनांक 12.05.2026 से दिनांक 01.06.2026 के अपरान्ह 5:00 बजे तक ऑनलाईन डाउनलोड/अपलोड, दिनांक 02.06.2026 के अपरान्ह 3:00 बजे तक भैतिक रूप से प्राप्त कर दिनांक 03.06.2026 के अपरान्ह 01:00 बजे खोली जानी है। अपरिहार्य कारणों से उक्त ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित निविदायें दिनांक 19.05.2026 से दिनांक 02.06.2026 के अपरान्ह 3:00 बजे तक ऑनलाईन डाउनलोड/अपलोड कर, दिनांक 02.06.2026 के अपरान्ह 5:00 बजे तक भैतिक रूप से प्राप्त की जायेगी एवं दिनांक 03.06.2026 के अपरान्ह 03:00 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, रा०मा० खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रानीखेत में निर्धारित समिति द्वारा खोली जायेंगी।

निविदाओं की अन्य शर्तें पूर्ववत् लागू रहेंगी।

अधिशासी अभियन्ता
रा0मा0ख0, लो0नि0वि0, रानीखेत।

पत्रांक :– 883 / निविदा दिनांक 18/05/2026

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1– अधीक्षण अभियन्ता, रा०मा० वृत्त, लो०नि०वि० हल्द्वानी।

2– समस्त सहायक अभियन्ता, रा०मा० खण्ड, लो०नि०वि०, रानीखेत ।

3– अध्यक्ष / सचिव, निर्माणाचार्य संघ, लो०नि०वि०, रानीखेत।

18/5/26

अधिशासी अभियन्ता
रा0मा0ख0, लो0नि0वि0, रानीखेत।

18/05/2026

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रानीखेत।

दिनांकः– /05/2026

पत्रांक :–

## अल्पकालीन निविदा सूचना (ई–प्रोक्योरमेन्ट)

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रानीखेत द्वारा ई–टैण्डरिंग (सिंगल बिड सिस्टम) के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यो की मदवार ई–निविदायें स्वीकृति की प्रत्याशा में आमंत्रित की जाती हैं। ई–निविदा प्रपत्र के सम्बन्ध में समस्त जानकारी बेबसाइट https://www.morth.eproc.in पर दिनांक 12.05.2026 से उपलब्ध रहेगी।

| क्र सं | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा की वैधता | कार्य समाप्ति की अवधि | निविदा का मूल्य | ठेकेदार श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | 6 |
| | **रा0मा0 सं0 87 विस्तार (नया 109)** | | | | | |
| 1 | एफ0डी0आर0 2026–27 के अन्तर्गत रा0मा0 संख्या 87 विस्तार (नया–109) के किमी0 56.00 से 80.00 तक मानसून सीजन में (माह 15 जून 2026 से 15 अक्टूबर 2026) मलुवा सफाई इत्यादि के कार्यों हेतु जे0सी0बी0 मशीन एवं टिप्पर की आपूर्ति मय आपरेटर एवं ईंधन (डीजल) आदि सहित। **मुख्यालय अल्मोड़ा।** | Rs. 17000.00 | 60 दिन | 4 माह | 1000 + 18% GST | मार्ग श्रेणी –डी. एवं उच्चतर |
| 2 | एफ0डी0आर0 2026–27 के अन्तर्गत रा0मा0 संख्या 87 विस्तार (नया–109) के किमी0 80.00 से 105.00 तक मानसून सीजन में (माह 15 जून 2026 से 15 अक्टूबर 2026) मलुवा सफाई इत्यादि के कार्यों हेतु जे0सी0बी0 मशीन/टिप्पर की आपूर्ति मय आपरेटर एवं ईंधन (डीजल) आदि सहित। **मुख्यालय कठपुड़िया।** | Rs. 15000.00 | 60 दिन | 4 माह | 1000 + 18% GST | मार्ग श्रेणी –डी. एवं उच्चतर |
| 3 | एफ0डी0आर0 2026–27 के अन्तर्गत रा0मा0 संख्या 87 विस्तार (नया–109) के किमी0 105.00 से 134.00 तक मानसून सीजन में (माह 15 जून 2026 से 15 अक्टूबर 2026) मलुवा सफाई इत्यादि के कार्यों हेतु जे0सी0बी0 मशीन की आपूर्ति मय आपरेटर एवं ईंधन (डीजल) आदि सहित। **मुख्यालय घिंघारीखाल।** | Rs. 17000.00 | 60 दिन | 4 माह | 1000 + 18% GST | मार्ग श्रेणी –डी. एवं उच्चतर |
| 4 | एफ0डी0आर0 2026–27 के अन्तर्गत रा0मा0 संख्या 87 विस्तार (नया–109) के किमी0 134.000 से 171.000 तक मानसून सीजन में (माह 15 जून 2026 से 15 अक्टूबर 2026) हेतु मलुवा सफाई इत्यादि के कार्यों हेतु जे0सी0बी0 मशीन की आपूर्ति मय आपरेटर एवं ईंधन (डीजल) आदि सहित। **मुख्यालय चौखुटिया।** | Rs. 17000.00 | 60 दिन | 4 माह | 1000 + 18% GST | मार्ग श्रेणी –डी. एवं उच्चतर |
| | **रा0मा0 सं0 309ए** | | | | | |
| 5 | एफ0डी0आर0 2026–27 के अन्तर्गत रा0मा0 संख्या 309 ए के किमी0 93.00 से 110.00 एवं किमी0 130.00 से किमी0 136.00 तक मानसून सीजन में (माह 15 जून 2026 से 15 अक्टूबर 2026) हेतु मलुवा सफाई इत्यादि के कार्यों हेतु जे0सी0बी0 मशीन की आपूर्ति मय आपरेटर एवं ईंधन (डीजल) आदि सहित। **मुख्यालय काण्डा।** | Rs. 16000.00 | 60 दिन | 4 माह | 1000 + 18% GST | मार्ग श्रेणी–डी. एवं उच्चतर |
| 6 | एफ0डी0आर0 2026–27 के अन्तर्गत रा0मा0 संख्या 309 ए के किमी0 169.000 से 206.600 तक मानसून सीजन में (माह 15 जून 2026 से 15 अक्टूबर 2026) हेतु मलुवा सफाई इत्यादि के कार्यों हेतु जे0सी0बी0 मशीन/टिप्पर की आपूर्ति मय आपरेटर एवं ईंधन (डीजल) आदि सहित। **मुख्यालय कफड़खान।** | Rs. 18000.00 | 60 दिन | 4 माह | 1000 + 18% GST | मार्ग श्रेणी–डी. एवं उच्चतर |
| | **रा0मा0 सं0 309बी** | | | | | |
| 7 | एफ0डी0आर0 2026–27 के अन्तर्गत रा0मा0 संख्या 309 बी के किमी0 0.00 से 30.00 तक मानसून सीजन में (माह 15 जून 2026 से 15 अक्टूबर 2026) हेतु मलुवा सफाई इत्यादि के कार्यों हेतु जे0सी0बी0 मशीन की आपूर्ति मय आपरेटर एवं ईंधन (डीजल) आदि सहित। **मुख्यालय बाड़ेछीना।** | Rs. 11000.00 | 60 दिन | 4 माह | 1000 + 18% GST | मार्ग श्रेणी–डी. एवं उच्चतर |
| 8 | एफ0डी0आर0 2026–27 के अन्तर्गत रा0मा0 संख्या 309 बी के किमी0 31.00 से 55.00 तक मानसून सीजन में (माह 15 जून 2026 से 15 अक्टूबर 2026) हेतु मलुवा सफाई इत्यादि के कार्यों हेतु जे0सी0बी0 मशीन की आपूर्ति मय आपरेटर एवं ईंधन (डीजल) आदि सहित। **मुख्यालय दन्या।** | Rs. 16500.00 | 60 दिन | 4 माह | 1000 + 18% GST | मार्ग श्रेणी–डी. एवं उच्चतर |
| 9 | एफ0डी0आर0 2026–27 के अन्तर्गत रा0मा0 संख्या 309 बी के किमी0 56.000 से 77.100 तक मानसून सीजन में (माह 15 जून 2026 से 15 अक्टूबर 2026) हेतु मलुवा सफाई इत्यादि के कार्यों हेतु जे0सी0बी0 मशीन की आपूर्ति मय आपरेटर एवं ईंधन (डीजल) आदि सहित। **मुख्यालय ध्याड़ी।** | Rs. 16500.00 | 60 दिन | 4 माह | 1000 + 18% GST | मार्ग श्रेणी–डी. एवं उच्चतर |

**निविदा दस्तावेजों की उपलब्धता एवं प्रस्तुत करने की प्रक्रिया–**

निविदा दस्तावेज दिनांक 12.05.2026 को अपराह्न 5:00 बजे से ऑनलाइन उपलब्ध हैं तथा इन्हें ऑनलाइन वेबसाइट MoRTH eProcurement Portal पर जमा किया जाना है। निविदा प्रस्तुत करने के लिए निविदाकर्ता के पास अधिकृत प्रमाणन प्राधिकरणों में से किसी एक द्वारा जारी डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (DSC) होना आवश्यक है। निविदाकर्ताओं को Earnest Money (बयाना राशि), Bid Validity, Stamp, पंजीकरण प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रति, आरसी (RC) तथा **भारत कोष** में जमा की गई निविदा शुल्क रसीद की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी। भारत सरकार, वित्त मंत्रालय के आदेश संख्या 9/4-2020-PPD दिनांक 12–11–2020 के अनुसार, ठेकेदार उपरोक्त दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियां ई–मेल आईडी पर भेज सकते हैं अथवा इस कार्यालय में दिनांक 02.06.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से जमा कर सकते हैं। अन्यथा, निविदा को गैर–उत्तरदायी (Non-Responsive) घोषित कर दिया जाएगा।

1. निविदा प्रपत्र एवं जमा करने की विधि : –ई– निविदा प्रपत्र भारत सरकार की वेबसाइट https://www.morth.eproc.in पर दिनांक 12.05.2026 के अपरान्ह 5.00 बजे से उपलब्ध रहेगी तथा निविदा वेबसाइट https://www.morth.eproc.in के माध्यम से ही प्राप्त किये जा सकेंगे। ई – निविदा में सम्मिलित होने के लिए ठेकेदार / फर्म के पास आंकिक हस्ताक्षर प्रमाण पत्र (DSC) होना आवश्यक है। जो किसी भी मान्यता प्राप्त संस्थान से बनवाये जा सकते हैं।
2. निविदा प्रपत्र दिनांक 12.05.2026 से 01.06.2026 के अपरान्ह् 5.00 बजे तक ऑनलाईन डाउनलोड/ अपलोड किये जा सकते हैं।
3. फर्म /ठेकेदार द्वारा ई – निविदा प्रपत्र दिनांक 02.06.2026 के अपरान्ह् 3.00 बजे तक भौतिक रूप से अधिशासी अभियन्ता, राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रानीखेत में किसी व्यक्ति विशेष अथवा पंजीकृत डाक द्वारा जमा किया जाना आवश्यक है, अन्यथा निविदादाता द्वारा डाली गयी ई– निविदा स्वीकार्य नहीं होगी।
4. धरोहर धनराशि (मूल में) अधिशासी अभियन्ता, राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रानीखेत के नाम बन्धक होनी चाहिए एवं जिसकी वैद्यता न्यूनतम 165 दिन होनी चाहिएं।
5. ई – निविदा के साथ फर्म का पंजीकरण प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है।
6. निविदा की अवधि हेतु निर्धारित प्रारूप में रू0 100.00 के स्टाम्प पेपर पर रू0 1.00 का रसीदी टिकट हस्ताक्षर युक्त लगाकर जमा करना आवश्यक है।
7. ई–निविदा के साथ मशीन के स्वामित्व का प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है, अन्यथा निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
8. ई – निविदा दिनांक 03.06.2026 को अधिशासी अभियन्ता, राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रानीखेत के कार्यालय में अपरान्ह् 01.00 बजे निर्धारित कमेटी द्वारा खोली जायेगी। जिसमें निविदादाता एवं उसके अधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं। यदि उक्त दिवस को राजकीय अवकाश घोषित या ऑनलाईन पोर्टल पर तकनीकी खराबी हो जाती है, तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।
9. जे0सी0बी0 मशीन हेतु आपरेटर एंव ईधन (डीजल) की व्यवस्था फर्म/ठेकेदार स्वंय करेगा। ठेकेदार एवं आपरेटर का पता एवं दूरभाष नम्बर (मोबाईल) उपलब्ध करना आवश्यक होगा। दूरभाष नम्बर परिवर्तित करने पर शीघ्र सम्बन्धित सहायक अभियन्ता को अवगत कराना होगा।
10. निविदा के साथ ठेकेदार को स्वयं की जे0सी0बी0 मशीन के दस्तावेज/आर0सी0/फिटनेस/टैक्स तथा बीमा पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा। **जे0सी0बी0 मशीन वर्ष 2021 से पूर्व** की नहीं होनी चाहिए।
11. निविदा के साथ ठेकेदार को जे0सी0बी0 मशीन के दस्तावेज, आर0सी0, फिटनेश, टैक्स तथा बीमा प्रपत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
12. ठेकेदार को विभाग द्वारा सूचित किये जाने पर तत्काल जे0सी0बी0 मशीन (मय ऑपरेटर व ईधन) मार्ग खोलने हेतु उपलब्ध करानी होगी।
13. जे0सी0बी0 मशीन निर्धारित मुख्यालय पर 24 घंटे उपलब्ध रखना आवश्यक होगा एवं जे0सी0बी0 मशीन की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वंय फर्म/ ठेकेदार की होगी।
14. यदि मशीन खराब होती है, तो तत्काल निर्धारित मुख्यालय पर दूसरी जे0सी0बी0 मशीन (मय ऑपरेटर व ईधन) उपलब्ध करानी होगी, अन्यथा की स्थिति में अनुबन्ध रद्द कर दिया जायेगा, जिस हेतु फर्म/ठेकेदार का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
15. भुगतान लॉग बुक के आधार पर किया जायेगा, लॉगबुक सक्षम अधिकारी/कर्मचारी द्वारा सत्यापन उपरान्त अनुदान की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा। खाली खड़ी मशीन का कोई भुगतान नही किया जायेगा एवं इस सम्बन्ध में ठेकेदार का कोई दावा मान्य नही होगा।
16. फर्म/ठेकेदार को नोटरी किया हुआ रू0 100.00 के स्टाम्प पेपर पर यह प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि जिस कार्य हेतु मशीन अनुबन्धित की गयी है, के लिए ही प्रयोग में लायी जायेगी।
17. **जे0सी0बी0 मशीन में AIS MODEL GPS स्थापित होना अति आवश्यक है, एवं AIS MODEL की GPS जे0सी0बी0 मशीन में स्थापित होने का प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना आवश्यक है, अन्यथा निविदा स्वीकार्य नहीं होगी।**
18. ठेकेदार को अपनी दरें बिना जी0एस0टी0 के देनी होगी, जी0एस0टी0 अलग से देय होगी।
19. कार्य का भुगतान बजट उपलब्ध होने पर किया जायेगा।
20. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगीं।
21. किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित रहेगा।
22. अन्य शर्ते जी0पी0डब्लू0–8/जी0पी0डब्लू0–9 के अनुसार होंगी।

उपयुक्त शर्तो में से किसी एक अनुदेश का पालन न होने पर निविदा रद्द की जा सकती हैं।

अधिक जानकारी हेतु https://www.morth.eproc.in पर देखें।

**(इं0 अशोक कुमार)**
**अधिशासी अभियन्ता,**
**राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रानीखेत।**
**दिनांकः–08 /05/2026**

**पत्रांक** 834 / निविदा

**प्रतिलिपि :–निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।**

1. अधीक्षण अभियन्ता, रा0मा0 वृत्त, लो0नि0वि0, हल्द्वानी।
2. अधिशासी अभियन्ता रा0मा0 खण्ड, लो0नि0वि0, हल्द्वानी।
3. समस्त सहायक अभियन्ता, राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड लो0नि0वि0, रानीखेत ।
4. वरिष्ठ खण्डीय लेखाधिकारी/रोकड़िया, रा0मा0 खण्ड, लो0नि0वि0, रानीखेत।
5. नोटिस बोर्ड।

**अधिशासी अभियन्ता,**
**राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड, लोक निर्माण विभाग, रानीखेत।**

Signature Not Verified
Digitally signed by ASHOK KUMAR
Date: 2026.05.18 21:50:47 IST
Location: eProcure-EPROC